हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री



13 राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों...



14 ज्योत-जंवारा स्थलों पर इल्दा के बच्चे दे रहे ...



# शिवनाथ तेजी से सूख रही, पर उद्योगों को दिया जा रहा है पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर पालिका सिमगा सहित क्षेत्र के जीवन दायिनी शिवनाथ नदी जो गर्मी के शुरूआती दिनों में ही तेजी के साथ सुख रही है। नदी में पानी काफी कम होने से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल का स्तर काफी नीचे चला गया है, जो चिंता का विषय है। वहीं शिवनाथ नदी के किनारे बसे लगभग कई दर्जन गांवों में ट्यूबवेल सुख गये हैं। लोगों को निस्तारी की समस्या से जुझना पड़ रहा है। उक्त ज्वलंत समस्या को लेकर क्षेत्र के किसान नेता व वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडे ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि शिवनाथ नदी से उद्योगों को दी जाने वाला पानी को बंद किया जाए।

### प्रदूषण का खामियाजा भुगत रहे क्षेत्रवासी

पांडे ने प्रदूषण मुक्त उद्योग लगाने पर जोर दिया। ऐसे उद्योग लगने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन एमओयू साइन किसी और नाम से होता है और किसी और चीज को लेकर उद्योग को लगाया जाता है। एनओसी देने के बाद शासन प्रशासन का कोई भी व्यक्ति यह नहीं देखता कि उद्योगों से किस प्रकार का प्रदूषण फैला रहा हैं, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। पांडे ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि ऐसे उद्योग पर तत्काल कार्रवाई की जाए, नहीं तो किसान एकजुट होकर उद्योग के सामने गेट में बैठकर तालाबंदी का कार्य करेंगे।

## भू-जल स्तर गिरने से आसपास के गांवों में विकराल समस्या



### रेत का अवैध खनन जोरों पर

वैसे तो आषाढ़ माह में ही शिवनाथ नदी में तीन फीट पानी था, जिसका भरपुर उपयोग रेत का अवैध उत्खनन करने वालों ने उठाया। नदी के चक्रवाय, लिमतरा कचलोन सहित अन्य घाटों में प्रतिदिन लगभग 200 ट्रैक्टर एवं हाईवा रेत का अवैध परिवहन कर रहे हैं, इसके लिए कुछ लोगों द्वारा मोटी रकम भी ली जा रही है। वहीं प्रशासन की चुप्पी समझ से परे है।

**इन स्थानों पर जायेगा शिवनाथ से पानी:** क्षेत्र के ग्राम पौंसरी, कामता, रिंगनी, केसदा, मोहभट्ठा, अकलतरा दरचुरा में अलग– ▶▶ शेष पेज 13 पर

### सिलतरा व उरला बनने की कगार पर सिमगा क्षेत्र

भाजपा नेता पांडे ने कहा कि क्षेत्र की जनता पानी की समस्या से जुझ रही है, वहीं उद्योगों को सिमगा के शिवनाथ नदी से लगातार पानी दिया जा रहा है। सरकार द्वारा किसानों को गर्मी के धान की फसल लेने के लिए मना किया जाता है, वाटर लेवल डाउन हो रहा है, यह बात कही जाती है। दूसरी तरफ लगातार नए–नए उद्योगों को शिवनाथ नदी से पानी दिया जा रहा है। सिमगा क्षेत्र में नए–नए उद्योग लगने से यह क्षेत्र भी सिलतरा व उरला बनने के कगार पर है। उन्होंने कहा कि उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है जो भी कंपनी क्षेत्र में उद्योग लगाती है वह नियमों को दरकिनार करते हुए बाहर से लोगों को यहां पर काम करने के लिए बुलाती है। ऐसे में क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा महसूस करती है।

## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## नाबालिग को मारने चाची और सौतेली मां ने दी थी 50 हजार की सुपारी

# हत्याकांड की गुत्थी सुलझी, तीन अपचारी बालक सहित 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- आरोपियों ने युवक को गुमराह कर महानदी किनारे ले गए और बेल्ट से गला घोट दिया

ग्राम डोंगरीडीह महानदी किनारे मंगलवर एक मार्च को एक 14 वर्षीय बालक का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना लवन पुलिस बल तत्काल घटना स्थल पहुंच निरीक्षण कर शव का पंचनामा बनाया। साथ ही एफएसएल की फोरेंसिक टीम द्वारा भी घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। उक्त शव 14 वर्षीय बालक का होना पाया गया, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना लवन में दर्ज कराई गई थी। तत्पश्चात शव का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया। घटना स्थल निरीक्षण पर मृतक का गला दबाकर हत्या करना प्रतीत हो रहा था, इस पर थाना लवन पुलिस ने धारा 137(2), 103(1), 238, 61(2), 3(5) बीएनएस ▶▶ शेष पेज 13 पर

### आरोपियों ने रेत में दबा दिया था शव

योजना अनुसार 30 मार्च की रात करीबन 8 बजे आरोपियों द्वारा मृतक बालक को बहाना बनाकर अपने साथ मोटरसाइकिल में बैठाकर महानदी ले गये, जहां आरोपियों द्वारा बेल्ट से बालक का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या करने के पश्चात आरोपियों द्वारा मृतक बालक के शव को रेत में छुपा दिया गया। तत्पश्चात सभी आरोपी वहां से भाग गए।



### हत्या का कारण

मृतक बालक के पिता की दो पत्निया है। एक का नाम मीना धृतलहरे एवं दूसरे का नाम दुर्गा धृतलहरे हैं। मृतक दुर्गा धृतलहरे का पुत्र था। दुर्गा द्वारा सौतेली मां मीना बाई को मृतक बालक को भी अपने साथ रखने का ताने मारते रहती थी। साथ ही उसका कुछ देखभाल नहीं करने संबंधी बातें बोलकर भी ताने मारती थी, जिससे मीना धृतलहरे आक्रोषित थी। इसके साथ ही आरोपीया मोंगरा धृतलहरे जो की मृतक की सगी चाची है, उसका भी मृतक परिवार के साथ अवैध संबंध की शंका से अनबन चल रहा था। उक्त बातों को लेकर दोनों महिलाओं द्वारा मृतक बालक की हत्या करवाने की योजना बनाई गई। इसके लिए मोंगरा धृतलहरे के पूर्व परिचित ग्राम सरखोर निवासी आरोपी गोविंद कोसले से संपर्क कर उसे मृतक बालक की हत्या करने के लिए 50 हजार की सुपारी दी गई। प्रकरण में सभी आरोपी गोविंदा कोसले 27 वर्ष निवासी ग्राम सरखोर, मोंगरा धृतलहरे 25 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरीडीह तथा मीना धृतलहरे 31 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरीडीह सहित 3 अपचारी बालको को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## टंगिया के हमले से पत्नी गंभीर पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

घरेलू विवाद के चलते पत्नी पर टंगिया से हमला करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना भाटापारा शहर के मेहता नगर में हुई, जहां आरोपी सनत लहरे 53 ने अपनी पत्नी रेखा लहरे पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पीड़िता के बेटे द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 27 मार्च को शाम 6.30 बजे आरोपी सनत लहरे ने घरेलू विवाद के चलते पत्नी के साथ गाली-गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दी और फिर टंगिया से हमला कर दिया। इस हमले में पीड़िता के सिर और सीने पर गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने घायल महिला को तत्काल सिम्स, बिलासपुर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने सिर की हड्डी में फ्रैक्चर और गंभीर चोट की पुष्टि की।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से एक की मौत

महासमुंद। ग्राम बम्हनीनडीह क्रेशर से आगे बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक जगदीश साहू 17 मार्च को लगभग 6.40 बजे अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06 जीपी 3242 से अपने ससुराल के ग्राम ललितपुर टुकड़ा से अपने गांव बिछिया जा रहा था। बम्हनीनडीह क्रेसर के आगे मोड़ के पास पहुंचने पर सामने से आ रही मोटर सायकल टीवीएस स्टार क्रमांक सीजी 06 सी 0414 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे जगदीश मोटर सायकल से गिर गया और उसे चोटें आई। घायल को 112 वाहन से सीएचसी बसना ले जाया गया, जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर जगदीश साहू की मौत हो जाना बताया गया। वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

## गुहा निषाद जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम तुलसी में गुहा निषाद जयंती पर शिवनाथ नदी तट किनारे स्थित प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में सर्वप्रथम पूजा अर्चना की गई। इसके बाद भगवान श्रीराम जानकी लक्ष्मण एवं भक्त राज गुहा की झांकी सजाकर बाजे गाजे के साथ ग्राम के प्रमुख मार्गों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा वापस मंदिर पहुंचने पर सामाजिक लोगों द्वारा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा एवं आरती उतारकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा भगवान श्रीराम एवं भक्त गुहा निषाद के बीच संवाद की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही सुमधुर स्वर से भगवान श्रीराम का भजन गायन कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निषाद समाज के अध्यक्ष कलीराम निषाद ग्राम के सरपंच चंद्रमणि तिवारी पंच, पंचराम, उपाध्यक्ष अनिल निषाद, संचालक आजु राम निषाद, मार्गदर्शक रामखिलावन निषाद, सचिव उत्तराकुमार निषाद, बड़कू निषाद, रितेश निषाद, बाबूलाल निषाद, भाईराम निषाद, गोवर्धन निषाद, डॉ. डीडी निषाद, प्रहलाद निषाद सहित समाज के लोग बड़ी.संख्या में उपस्थित थे।





### मंदिर परिसर में 1100 दीप प्रज्ज्वलित किए

वहीं संध्या काल में पूरे मंदिर परिसर में 1100 दीप प्रज्ज्वलित किया गया। दीपों से श्रीराम लिखा गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर मानस मंडली दामाखेड़ा के सदस्य ललित धीवर ने कहा कि हमें गर्व है कि हम भगवान श्रीराम के सच्चे मित्र भक्तराज गुहा निषाद के वंशज है। हम लोग भक्त और भगवान की कथा श्रवण करने पहुंचते हैं, परंतु हमारा मन कथा में नहीं रहता है। हमारा कल्याण तभी हो सकता है, जब हम भगवान के कथा को श्रवण कर अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। भक्त राज गुहा निषाद जयंती पर उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन भी किया गया।

## बच्चों एवं अभिभावकों से की मुलाकात

# राज्यपाल ने मनोविकास केंद्र का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- केंद्र के प्रयास को बताया सेवा और समर्पण की मिसाल

गुरूवार को प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने कृषि उपज मंडी परिसर बलौदाबाजार स्थित मनोविकास केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों से बातचीत की। राज्यपाल ने केंद्र मे मानसिक विकारों से पीड़ित बच्चों के इलाज एवं अन्य व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इस कार्य को सेवा और समर्पण की मिसाल बताया। इस दौरान राज्यपाल ने कई विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से संख्या एवं अक्षर की पहचान, पजल को ठीक करने को कहा जिसमें कई बच्चों ने सही जवाब दिया। बच्चों ने राज्यपाल को स्वयं द्वारा बनाए ग्रीटिंग कार्ड एवं राज्यपाल श्री डेका की स्केच तस्वीर भेंट की, जिसे राज्यपाल ने खूब सराहा। इस अवसर पर शेष साहू ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कर सुनाया। वहीं नीलकमल, पुष्कर, सोमनाथ ने योग प्रदर्शन किया। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, राज्यपाल के उप सचिव हिना अमिनेश नेताम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे।



### बच्चों के समग्र विकास के लिए समर्पित संस्थान

बलौदाबाजार स्थित मनोविकास केंद्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास के लिए समर्पित संस्थान है। यह केंद्र अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र रवान के सीएसआर मद से संचालित हो रहा है और वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सा सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समग्र विकास की सुविधाएं प्रदान कर रहा है। यह केंद्र जनवरी 2025 से शुरू हुआ है और अल्प समय में ही बेहतर परिणाम सामने आने लगा है।यहाँ विशेष शिक्षा, थेरेपी सेवाएं फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी, व्यावसायिक प्रशिक्षण सिलाई, कंप्यूटर साक्षरता, बागवानी, मनोवैज्ञानिक परामर्श, और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। साथ ही, बच्चों के आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाता है।



# हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत, लिवर की बीमारी में वृद्धि की आशंका


## एएचपीआई अध्यक्ष ने जताई चिंता, स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवजात शिशुओं सहित हाई रिस्क श्रेणी के लोगों को संक्रमण से बचाने वाले हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत हो गई है। इसकी वजह से लिवर से संबंधित विभिन्न रोगों के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका जताई जा रही है। एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने वैक्सीन की वजह से भविष्य में होने वाली परेशानी पर चिंता जताई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर समस्या दूर करने की मांग की है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता एवं महासचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि यह वैक्सीन हेपेटाइटिस-बी से होने वाले संक्रमण को रोकती है, जो लिवर को प्रभावित करता है। यह समस्या ज्यादा दिनों तक रहने पर कैंसर जैसी गंभीर समस्या का कारण बन जाता है। यह वैक्सीन नवजात शिशुओं, हेल्थ वर्करों के साथ पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को लगाई जाती है। स्वास्थ्य से संबंधित मामले में यह वैक्सीन काफी महत्पूर्ण है, जिसकी किल्लत हो रही है। वैक्सीन की कमी जारी रहती है, तो छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत में क्रोनिक लिवर रोग और लिवर कैंसर के मरीजों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा सकती है। ये दोनों बीमारियां उच्च मृत्यु दर के साथ प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियां हैं, जिनका एक प्रमुख कारण हेपेटाइटिस बी है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि वैक्सीन उत्पादन और वितरण में तेजी लाने, कमज़ोर और उच्च जोखिम वाले समूहों तक वैक्सीन की पहुंच को प्राथमिकता देने जैसे उठाये गए कदमों की मदद से इस समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला और खाद्य एवं औषधि नियंत्रक को पत्र लिखकर इसका तत्काल समाधान निकाले जाने पर बल दिया है।

### केंद्रीय स्तर पर हो चुकी पहल

डा. राकेश गुप्ता ने बताया हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की देशभर में हो रही किल्लत के बाद पिछले महीने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भी अगवत कराया जा चुका है। एएचपीआई के राष्ट्रीय डायरेक्टर जनरल डा. गिरिधर ज्ञानी ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय मंत्री को इसकी जानकारी देकर वैक्सीन की कमी दूर करने का निवेदन किया था।




### शिविर लगाकर वैक्सीनेशन

रायपुर जिले में कुछ माह पहले हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन लगाने के लिए विभिन्न स्थानों में शिविर लगाया गया था। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा, केंद्रीय जेल में रहने वाले बंदियों के साथ थर्ड जेंडर के लोगों को वैक्सीन लगाया गया था। वैक्सीन लगाने के लिए तय गाइडलाइन के अनुसार हाई रिस्क ग्रुप के लोगों का चुनाव किया गया था।

## खबर संक्षेप

### दान दाताओं का सम्मान करेंगे मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** नयी पीढ़ी को दान के महत्व से अवगत कराने दान का महत्व बताने दानदाताओं का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री, रायपुर दक्षिण विधायक व रायपुर महापौर की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज द्वारा पुरानी बस्ती स्थित नवनिर्मित दाऊ अग्रवाल भवन में सम्मान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी को अपने पूर्वजों के दिए दान के बारे में या तो जानकारी कम है या बिल्कुल भी नहीं पता है। आज भौतिकवादी युग के पीछे भागते युवा को शायद यह नहीं पता है कि उनको उनके पूर्वजों ने आज की कीमत के हिसाब से 1000 करोड़ से ऊपर की संपत्ति दान की और अपने शहर और समाज में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल आदि के लिए अस्पताल कॉलेज तालाब और कुआं का निर्माण करवाया। 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन के दाऊ अमृष कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल भवन में सम्मान के माध्यम से उन लोगों को सामने लाने का भी प्रयास किया जा रहा है, जो वर्तमान में भी धर्म सेवा के बड़े-बड़े कार्य कर रहे हैं।

### नोटिस मिलने पर पता चला जिसने अकाउंट खुलवाया उसने किया अवैध ट्रांजेक्शन

**रायपुर।** दूसरे के नाम पर अकाउंट खुलवाकर अवैध तरीके से 15 लाख रुपए के लेन-देन करने के आरोप में आजाद चौक थाने की पुलिस ने ओडिशा, बालांगीर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए व्यक्ति पर दो लोगों को झांसा देकर उनके नाम अकाउंट खुलवाकर गलत तरीके से लेन-देन करने का आरोप है। पुलिस ने मुजगहन निवासी गुलशन विश्वकर्मा की शिकायत पर मकरंदा मेहर को गिरफ्तार किया है। गुलशन ने पुलिस को बताया है कि वह पचपेड़ी नाका स्थित एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। इस दौरान मकरंदा से उसकी पहचान हुई। मकरंदा ने गुलशन को सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर आजाद चौक स्थित फेडरल बैंक में अकाउंट खुलवाया। इसके बाद मकरंदा ने पासबुक तथा एटीएम अपने पास रख लिया। मांगे जाने पर मकरंदा ने गुलशन को उसका पासबुक, एटीएम लौटाया।

### नाला में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला

**रायपुर।** जोन 9 की काऊ कैचर टीम ने जन शिकायत पर संज्ञान लेते हुये एक्सप्रेस वे नाला में गिरे बछड़े को थ्रीडी मशीन की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला। जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर जोन स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में जन शिकायत का निवारण किया गया। वार्डवासियों ने जोन 9 की काऊ कैचर टीम के इस कार्य को सराहा है।

### युवा कांग्रेस ने प्याऊ खुलवाने निगम को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** निगम क्षेत्र के प्रत्येक जोन में भीड़ वाले इलाकों में पीने के स्वच्छ एवं ठंडे पानी के लिए प्याऊ खोलने उत्तर विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नवाज खान ने निगम कमिश्नर को ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया। महंगाई का दौर है, पीने के पानी की बोतल आम आदमी की पहुंच से ऊपर है, ऐसे में मेहनतकश और राहगीरों के लिए निगम को जगह-जगह प्याऊ खोलने चाहिए। साथ ही व्यापारी समितियों से कहकर भी हर जगह पीने के पानी का इंतजाम निगम प्रशासन को करवाना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रुचिर दुबे प्रदेश सचिव, सानू रजा, राहुल तिवारी, जिला महासचिव सत्तार चौहान, अक्कु नाग, गुप्ता, अब्दुल मलिक खान, शेख असलम खान आदि सदस्य उपस्थित थे।

### सचिवालय सेवा अफसरों के तबादले

**रायपुर।** सचिवालय सेवा के तीन अनुभाग अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। प्रगति जोशी को जेल विभाग से चिकित्सा शिक्षा विभाग, मेरीराज कुजूर को स्कूल शिक्षा विभाग से जेल विभाग, वंदना भारती को जल संसाधन विभाग से मुख्यमंत्री सचिवालय में स्थानांतरित किया गया है।

# अनुपस्थित मिले जोन 2 के 24 कर्मचारी 1 दिन का कटेगा वेतन

- लेखापाल से लेकर सहायक राजस्व अधिकारी, रिकार्ड कीपर तक शामिल
- निगम का निगरानी सिस्टम फेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार को जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर सुबह 10 बजे कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 24 कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित मिले। अब इन कर्मचारियों का 1 दिन का वेतन काटा जाएगा। जोन 2 कमिश्नर ने जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोन कार्यालय में 24 कर्मचारी समय पर अनुपस्थित पाये गये, जबकि उनका फील्ड में कोई कार्य नहीं रहता। इन कर्मचारियों के एक दिन के वेतन कटौती का आदेश जोन कमिश्नर ने जारी किया है।

इन कर्मचारियों में सहायक राजस्व अधिकारी स्वाती शुक्ला, सहायक ग्रेड 01 अखिलेश भगत, लेखापाल लवली पाण्डेय, रिकार्ड कीपर रोमा तिवारी, राजस्व उप निरीक्षक अनिता गुप्ता, अब्दुल सत्तार, तपेश कश्यप, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र गेंडरे, सहायक राजस्व निरीक्षक फैजान अंसारी, विनय सोनी, धनेश यादव, नरेन्द्र नायक, माधव प्रसाद अवधिया, लोचन बघेल, वंदना बेसरे, भृत्य कर्मचारी भीखम दास वैष्णव, श्याम लहरी, शिवशंकर शर्मा, प्लेसमेंट विद्युतकार, महेश निषाद, संजय यादव, राजेश बागड़े, प्लेसमेंट हेल्पर कर्मचारी ओमप्रकाश साहू, योगेश साहू, शैलेश टंडन शामिल रहे।

## मंदिर की करोड़ों रुपए कीमत की जमीन का फर्जीवाड़ा किए जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

# चंगोराभाठा के लोगों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा स्थित महादेव मंदिर की करोड़ों रुपए की जमीन के फर्जीवाड़ा का मामला अब जोर पकड़ने लगा है। क्षेत्र के रहने वाले 100 से अधिक पुरुष एवं महिलाओं ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना संगठन के नेतृत्व में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव कर दिया। इस घेराव के दौरान प्रदर्शनकारी कलेक्टर से मिलने की इच्छा जताई, लेकिन प्रदर्शनकारियों की संख्या सौ से ज्यादा होने के कारण सभी लोगों को मुख्य गेट के बाहर ही पुलिस बल द्वारा रोक दिया गया। इधर प्रदर्शनकारियों की मांग सुनने के लिए कुछ अधिकारी उनसे मिलने भी पहुंचे थे, लेकिन सभी कलेक्टर से ही मिलने पर अड़े रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर से मिलाने की भी बात कहीं गई, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने और गेट के बाहर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन करते रहे। इस तरह समझाईश देने के बाद भी जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस बल द्वारा सभी को गिरफ्तार कर बसों में बैठाकर अलग-अलग थाने परिसर ले गए, जहां कुछ घंटे रखने के बाद दो प्रदर्शनकारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें जेल भेज दिया, वहीं अन्य सभी को समझाइश देकर रिहा कर दिया है।

### 100 से ज्यादा गिरफ्तार-रिहा, दो जेल भेजे गए



### धारा 151 के तहत दो को जेल भेजा

कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने के मामले में सभी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग थाना परिसर में कुछ समय तक रखा गया था। इस दौरान दो लोग जो लोगों को प्रदर्शन करने के लिए उकसा रहे थे, उनके खिलाफ धारा 151 के तहत अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया है। अन्य प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी गई है।

- **रोहित मालेकर,** टीआई सिविल लाइन

### *जांच अधिकारी के खिलाफ कलेक्टोरेट में पर्चा भी बांटे गए*

*कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के कुछ दिनों पूर्व छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संरक्षक दादा ठाकुर रामगुलाम सिंह ने अपने संगठन के कुछ सदस्यों के साथ एक पर्चा भी कलेक्टोरेट में बांटा था। इस पर्चे में लिखा गया था कि जमीन का फर्जीवाड़ा की जांच कर रहे अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर पर भी आरोप लगाया गया था उनके द्वारा शिकायकर्ताओं का बयान नहीं लिया गया है तथा जांच में क्या पाया गया है, इस संबंध में पूछने पर भी उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।*

### *लोगों का कहना- दान में दी गई थी जमीन*

*कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों में मोहन साहू, धीरेंद्र साहू सहित अन्य लोगों ने बताया कि चंगोराभाठा स्थित तालाब के पास महादेव मंदिर की 4 एकड़ 40 डिसमिल जमीन ब्राम्हणपारा निवासी गोबिन्धर दीवान द्वारा करीब 40 साल पहले दान में दी गई थी। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुजारी जयलालपुरी ने राजस्व अधिकारियों से मिली भगत करके जमीन पर कब्जा कर उसे अपने नाम पर रजिस्ट्री कराकर किसी अग्रवाल परिवार को बेच दिया है। इस मामले में पूर्व में भी कई बार कलेक्टर एवं तहसील कार्यालय में आवेदन देकर जांच की मांग की जा चुकी है। इसके बाद भी इस मामले में कोई जांच नहीं कर इसे दबाया जा रहा है, जबकि यह जमीन गांव वालों के उपयोग के लिए दान में दी गई है।*

# उजाड़ पड़ा विद्याचरण शुक्ल चौक, झीरम घाटी की चित्रण वाली एलईडी नदारद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के बैरनबाजार क्षेत्र स्थित पंडित विद्याचरण शुक्ल चौक के पास झीरम घाटी के शहीदों की स्मृति में चौक का सौंदर्यीकरण कर वहां आकर्षक एलईडी स्क्रीन लगाई गई, जिसमें झीरम घाटी की घटना का जिक्र किया गया। साथ ही चौक में छोटे-छोटे गुंबद लगाये गये, साथ ही रंगीन रोशनी का प्रबंध किया गया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 30 लाख की लागत से अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से यह कार्य करवाया, पर अब यह चौक उजाड़ पड़ा है। जहां पहले शाम होते ही बड़े स्क्रीन पर झीरम घाटी में शहीदों की स्मृति का चित्रण देखने को मिलता था, वह स्क्रीन स्थल से गायब है। राजधानी के अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता विवेक तनवानी ने कहा है कि पंडित विद्याचरण शुक्ल चौक में हुये निर्माण कार्य की जाचं तकनीकी विशेषज्ञों से कराई जाये। उनका ये भी कहना है कि सौंदर्यीकरण को लेकर 30 लाख की लागत रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा बताई गई है। साथ ही यह कहा गया है कि रायपुर नगर निगम इसका रखरखाव कर रहा है। श्री तनवानी ने कहा कि निर्माण कार्य लागत 5 लाख से ज्यादा नहीं हो सकती। इसकी जांच कराई जाये। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव, निगम आयुक्त को शिकायत की प्रतिलिपि भेजी है।

# बॉलीवुड सिंगर, परिजनों के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज

- कोर्ट के आदेश पर मुजगहन पुलिस ने एश्वर्या पंडित के खिलाफ दर्ज किया अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंडिया टैलेंट हंट शो तथा बॉलीवुड की प्लेबैक सिंगर एश्वर्या पंडित तथा उनके परिजनों के खिलाफ मुजगहन थाने की पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्लेबैंक सिंगर के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज किया है। एश्वर्या पर आरोप है कि उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर किराए के मकान का ताला तोड़कर 11 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। तपन दास की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी तथा परिजनों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज की है। तपन ने पुलिस को बताया है कि 19 जनवरी 2023 को एक बच्चे को जन्म दिया था। बच्चा जन्म देने के बाद वह बच्चे की सही ढंग से देख रेख नहीं कर रही थी। साथ ही अपने मायाका जाने की जिद करने के साथ तपन के परिजनों के साथ विवाद करती थी। इसके कारण तपन सद्दानी दरबार के पास अलग से किराए का मकान लेकर रहने लगा। इस दौरान तपन को किसी काम से अपने मूल ग्राम गरियाबंद जाना पड़ा। तपन की अनुपस्थिति में एश्वर्या ने एक सितंबर 2023 को अपने परिजनों के साथ मिलकर मकान का ताला तोड़ कर मकान के अंदर रखे सामान के साथ सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गई।

### पुलिस ने कहा- पारिवारिक मामला है कोर्ट जाएं

घटना की शिकायत करने तपन थाने पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। इस पर पुलिस ने तपन को पारिवारिक विवाद होने की बात कहते हुए कोर्ट में जाने की सलाह दी। इस पर तपन ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर न्यायिक दंडाधिकारी आकांक्षा बेक की कोर्ट ने पुलिस को ऐश्वर्या तथा उनके परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने आदेश दिया।

# वक्फ संशोधन बिल का स्वागत, घड़ी चौक पर आतिशबाजी, बांटी मिठाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को राजधानी के नगर घड़ी चौक पर संसद में प्रस्तुत वक्फ बोर्ड संशोधन का आतिशबाजी करके स्वागत किया गया। इसे गरीब मुस्लिमों के हित में उठाया गया एक ऐतिहासिक व क्रांतिकारी कदम बताते हुए मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू को बधाई दी। इस मौके पर मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने 'न दूरी है, न खाई है-मोदी हमारा भाई है' के नारे लगाकर मिठाइयां भी बांटी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि आज जो वक्फ़ संशोधन बिल लाया गया है, उससे घोटालों पर कड़ी रोक लगेगी और जो अवैध कब्जाधारी हैं, उन पर लगाम लगेगी। ये अवैध कब्जाधारी अरबों रुपए की संपत्तियों पर सालों से अतिक्रमण करके बैठे हुए हैं।

### संशोधन विधेयक में न्यायाधिकरण शक्तियों में वृद्धि

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक के जरिए बोर्ड के न्यायाधिकरण की शक्तियों में वृद्धि की जा रही है। वक्फ़ संपत्तियों का डिजिटलिकरण किया जा रहा है ताकि डॉक्यूमेंट मजबूत हों। इसी प्रकार प्रतिवर्ष ऑडिट का प्रावधान किया गया है। बोर्ड में मुख्य कार्यपालन अधिकारी की भी नियुक्ति की जा रही है।

### ये थे मौजूद

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मखमूर इकबाल खान, प्रदेश प्रवक्ता तौकीर रजा, प्रदेश उपाध्यक्ष असगर अली, रजिया खान, शेख निजाम, गुलाम गौस खान, आरिफ नियाजी, इजराइल खान सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

# सर्व तेली साहू समाज के लिए अब बनेगें भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपनी कुल देवी भक्त माता कर्मा जंयती के अवसर पर सर्व तेली साहू समाज सड्डू कॉलोनी द्वारा गत दिनों धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सामाज के माता एवं बहन शामिल हुई।

इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक मोतीलाल साहू और पार्षद साधना प्रमोद साहू को सर्व तेली समाज सड्डू कालोनी द्वारा समाज की विकास में आ रहे समस्याओं से अवगत कराया गया। इसके बाद विधायक श्री साहू ने शासकीय भूमि, सामाजिक भवन निर्माण कराने का भरोसा दिया। इसी दौरान सिद्धेश्वर महादेव में भजन मंडली सेक्टर 1 सड्डू कालोनी द्वारा भजन प्रस्तुति दी। इसके बाद कलश शोभायात्रा निकाली गई।

अनंतराम साहू के विशेष सहयोग से कालोनी में निवासरत तेली परिवार के ऐसे बच्चे जिन्होंने पूर्व वर्ष 2023-2024 में कक्षा दसवी एवं बारहवीं 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए उन्हें मुख्य अतिथि एवं मचस्थ अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, पार्षद साधना प्रमोद साहू, सावित्री भारत धीवर, मोहन साहू, गोपेश साहू, पुष्पा रोहित साहू आदि शामिल थे।

## प्रतिनिधिमंडल ने महापौर मीनल चौबे से की मुलाकात

# कैट ने दिये शहर में नए फुटकर बाजारों की स्थापना के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को महापौर मीनल चौबे से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रायपुर के पारंपरिक बाजारों के विकास, शहर में नये फुटकर बाजारों की स्थापना करने सहित अन्य बिंदुओं पर सुझाव दिये।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र के पारंपरिक बाजार नगर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जहां लघु एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारी अपनी आजीविका के साथ अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं। ये बाजार निम्न एवं मध्य वर्गीय जनता के लिए आवश्यक वस्तुओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित कराते हैं, पर वर्तमान में ये बाजार अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं, जिसके कारण पारंपरिक व्यवसाय करने वाले व्यवसायी संकट में हैं। उपभोक्ता ऑनलाइन प्लेटफार्म एवं मॉल की ओर रुख कर रहे हैं, इससे राज्य सरकार के राजस्व में भी गिरावट आ रही है। इसीलिए इन बाजारों को नया स्वरूप दिया जाये।

### सुझाव दिये जो इस प्रकार हैं : -

- बाजारों में पक्की सड़कों एवं सुदृढ़ जल निकासी प्रणाली का निर्माण।
- सुव्यवस्थित यातायात एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था।
- अग्निशमन की समुचित व्यवस्था, क्योंकि वर्तमान में अधिकतर पारंपरिक बाजारों में दमकल वाहन प्रवेश नहीं कर सकते।
- बाजारों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- बिजली की खुली तारों को भूमिगत करना औरपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने लाइट्स तथा मुख्य चौराहों पर हाईमास्क लाइट लगवाई जाए।
- स्वच्छता व्यवस्था को नियमित एवं प्रभावी बनाना।
- व्यवस्थित रिटेल बाजारों की स्थापना।
- सार्वजनिक शौचालयों एवं जनसुविधा केंद्रों का निर्माण।
- यूजर चार्ज की समीक्षा।
- ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना।

महापौर मीनल चौबे ने कैट प्रतिनिधिमंडल के सुझावों का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर शहर पारंपरिक बाजारों के पुनरुद्धार एवं व्यापारिक विकास के लिए आश्वासन दिया।

# कविताओं के जरिए सिखाएंगे मातृभाषा पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा लोक साहित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देशभर के बच्चे कविता के माध्यम से अपनी मातृभाषा को जानेंगे। लुप्त हो रहे लोक साहित्य को भी इसके माध्यम से सहेजने का कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। इसे 'बालपन की कविता' नाम दिया गया है। इस प्रतियोगिता में कोई भी हिस्सा ले सकता है। लोगों को स्थानीय भाषाओं में रचित कविताएं प्रेषित करनी होंगी। वे स्वरचित कविताएं भी इस प्रतियोगिता में भेज सकते हैं अथवा किसी अन्य



साहित्यकार द्वारा रचित लोक कविताएं भी भेजी जा सकती हैं।

शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय संदर्भ के लिए प्रासंगिक सामग्री पर फोकस करते हुए सभी भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में नर्सरी कविताओं का एक संग्रह तैयार करने के लिए यह स्पर्धा प्रारंभ की गई है। इस पहल का मकसद यह है कि छोटे बच्चे अपनी मातृभाषा में आसानी से समझ में आने वाली और आनंददायक कविताओं के जरिए अपने आसपास की दुनिया से परिचित होकर जीवन के शुरूआती दौर में बेहतर सीख हासिल कर सकें।

### तीन श्रेणियों में विभाजित होगी कविता

इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी तीन श्रेणियों के अंतर्गत लोकसाहित्य में प्रचलित मौजूदा कविताएं भेज सकते हैं। प्रथम श्रेणी प्री-प्राइमरी की रखी गई है। इसमें 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के लिए कविताएं भेजनी होंगी। दूसरी श्रेणी ग्रेड-1 की रखी गई है। इसमें 6-7 साल के बच्चों के लिए कविताएं भेजनी होंगी। वहीं तृतीय श्रेणी को ग्रेड-2 नाम दिया गया है। इस श्रेणी में 7-8 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रचनाएं शामिल रहेंगी।

# राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज : बलौदाबाजार

राज्यपाल रमेन डेका ने गुरूवार को जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनके अनुभव से अवगत हुए। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मेहनत व लगन से कार्य करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान राज्यपाल ने हम होंगे कामयाब अंतर्गत विभिन्न कंपनियों में नियोजित युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया, जिनमें तरुण कुमार जायसवाल, गणेश्वर पैकरा, दामिनी ध्रुव, हेमलता ध्रुव, तुलेश्वर मानिकपुरी, अमावस ध्रुव, विवेक साहू, राहुल साहू, तेजप्रकाश, सतानंद कन्नौजे, ललित बर्मन, हेमलाल निषाद, हरिशंकर और गौरव शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा 8 दिव्यांगजनों सहायक उपकरण प्रदान किये। तीज राम वर्मा और कुमारी बीना साहू को मोटराइज्ड ट्राइसायकिल प्रदान की गई, वहीं करन यादव, कौशिल्या बंजारे, घनश्याम और बुधराम वर्मा को व्हीलचेयर दी गई। इसी प्रकार, नवीन बघेल को बैसाखी प्रदान कर उनके जीवन को सुगम बनाने की पहल की।

## राज्यपाल रमेन डेका का कलेक्टर-एसपी ने किया स्वागत, दिया गार्ड ऑफ ऑनर



बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका गुरुवार को जिले के प्रवास पर पहली बार जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। राज्यपाल का सर्किट हॉउस बलौदाबाजार में कलेक्टर दीपक सोनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं वन मण्डलाधिकारी मयंक ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल डेका को पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई।

## राज्यपाल ने मौलश्री पौधे का रोपण किया



बलौदाबाजार। जिले प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राज्यपाल रमेन डेका ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी माताजी स्व. चंपावती डेका के नाम पर मौलश्री का पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी, शहीद वीर नारायण सिंह एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उन्हें नमन किया। राज्यपाल श्री डेका ने इस दौरान पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील भी की। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, राज्यपाल के उप सचिव हिना अमिनेश नेताम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल,वनमण्डलाधिकारी मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कोडार के जंगल में मिली जली हुई लाश, विवेचना में जुटी पुलिस

**महासमुंद।** कोडार के जंगल में जली हुई हालत में मिली अज्ञात महिला के शव के मामले तुमगांव पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर कक्ष क्र. 854 सागौन प्लाट काटी जंगल उलट कोडार पहुंचकर सूचक व गांव वालों के साथ कच्ची रोड से करीबन 20 मीटर अंदर सागौन प्लांट में जला हुआ शव पाया गया। शव का का सिर अलग तथा शरीर का कंकाल अलग था। कंकाल के पास करीबन ढाई मीटर दूरी पर लाल रंग की चूड़ी के टुकड़े, उत्तर की ओर करीबन 5 मीटर की दूरी पर जले कपड़े व स्टोन (प्लास्टिक दाना) के अवशेष तथा कच्ची रोड किनारे जली हुई चप्पल एवं लाश के पास बजारू एक बिछिया, एक कान की बाली एवं लाल रंग की चूड़ी पाई गई। पुलिस ने बताया कि शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर शव को जलाया गया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### नवरात्र पर शीतला मंदिरों में जले अखंड ज्योत



**नर्रा।** चैत्र नवरात्र पर ग्राम परकोम समेत क्षेत्र के शीतला मंदिरों में आस्था के ज्योत जले। साथ ही जग जांवरा स्थापित कर नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि के चतुर्थ और पंचमी एक साथ मनाया गया। जिसमें भक्तों ने माता रानी को विशेष सोलह श्रृंगार अर्पित किया गया। सुबह शाम महाआरती पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सेवा मंडली द्वारा सेवा भजन मांदर झांझ मंजिरा के थाप पर सुमधुर गीत का गायन करते रहे।

### पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 3 अप्रैल लक्ष्मीचंद धीवर के घर में पांच घंटे अखण्ड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें परशुराम, कमला, राधे, दिलीप, पवन, कौशिक हीराबाई, ललिता, माधुरी, राजू, भीखम, दुलार, नीलू, लक्ष्मीचंद, शांताबाई, सरिता, पार्वती, भूषण, जनकराम, सरस्वती, भागवत, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र / /अ-6 अ 2024-25
ग्राम- मोहेरंगा, प.ह.न 33

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र पिता छबीराम निवासी ग्राम मोहरेंगा तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम मोहरेंगा, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. मोहरेंगा तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 29/4 का रकबा 1.481 हे भूमि राजस्व अभिलेखो पर आवेदक के नाम पर दर्ज है। जिस पर वर्तमान में दखल व काबिज है। उक्त भूमि का नक्शा का बटांकन बटवारा कराने के बाद नक्शा मे त्रुटि हुआ है तथा मैनुअल नक्शा सही है, चूंकि बटवारे के बाद से काश्त कब्जा एवं रकबा के अनुसार बटांकन नहीं हुआ है जो कि त्रुटिवश दर्ज हो चुका है। जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेख एवं ऑनलाईन रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

तत्संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 17/04/2025 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
खरोरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

# आधा दर्जन स्थानों पर पथकर विक्रेताओं के लिए वेंडिंग जोन

बूढ़ापारा के धरनास्थल पर 10 वेंडरों के लिए बना जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की टाउन वेंडिंग कमेटी ने राजधानी में 6 अलग-अलग स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित करने की योजना बनाई है। वेंडिंग जोन निर्माण के लिए पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों के माध्यम से रेवेन्यू शेयर मॉडल के आधार पर कार्य किया जायेगा। इसी कड़ी में बूढ़ापारा के पुराने धरना स्थल पर पहला वेंडिंग जोन बनकर तैयार है। इसमें 10 स्मार्ट कार्ट की नंबरिंग कर दी गई है। इस वेंडिंग जोन में फूल बाजार के फूल विक्रेताओं को जगह दी जा रही है, जबकि 5 अन्य स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने की तैयारी है।

- **पंजीकृत वेंडरों को व्यवस्थित करने निगम ने बनाई योजना**

रायपुर नगर निगम के पुराने सर्वे के मुताबिक शहरभर में 7 हजार पंजीकृत वेंडर हैं। इन्हें व्यवस्थित करने के मामले में नगर निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। पूर्व में नगर निगम के दस जोन में वेंडिंग जोन बनाने के लिए जोन स्तर पर सर्वे कराया गया।

टाउन वेंडिंग कमेटी के माध्यम से वेंडिंग जोन के लिए प्रस्तावित स्थल चिन्हांकित भी किये गये, पर निगम अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह योजना धरातल पर साकार रूप नहीं ले पाई। सालभर पहले पूर्व निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर शहर में भुवनेश्वर की तर्ज पर वेंडिंग जोन बनाने की योजना बनी। इसमें 6 स्थानों को प्रथम चरण में वेंडिंग जोन बनाने के लिए प्रस्तावित किया गया। वेंडिंग जोन बनाने का मुख्य मकसद शहर की सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से लगाये जाने वाले ठेले और गुमटियों को व्यवस्थित करना है।



### पुजारी पार्क के पास वेंडिंग जोन का प्रस्ताव निरस्त

संतोषीनगर से टिकरापारा वाली सड़क किनारे ठेले-गुमटी लगाने वालों के लिये पुजारी पार्क के पास रिक्त जमीन पर वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव रहा, पर संबंधित जमीन को लेकर ऐतराज किये जाने पर निगम प्रशासन ने टिकरापारा के पुजारी पार्क के पास वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया। प्रस्ताव के हिसाब से यहां 20 वेंडरों को सुव्यवस्थित करने की योजना रही।

### इन स्थानों पर वेंडिंग जोन

बूढ़ातालाब के पास पुराने धरना स्थल वाली जगह पर वेंडिंग जोन बनकर तैयार

- पंडरी में महालक्ष्मी मार्केट के पीछे खाली भूमि पर वेंडिंग जोन 30 से ज्यादा वेंडर शिफ्ट होंगे
- आउटर इलाके में जब्बार नाले के पास सड़क किनारे 20 वेंडरों को सुव्यवस्थित करने वेंडिंग जोन
- आमानाका फ्लाई ओवर के नीचे वेंडिंग जोन, टाटीबंध, यूनिवर्सिटी रोड और आसपास के 80 फूड स्टॉल शिफ्ट होंगे
- आमापारा में कारी तालाब के सामने वेंडिंग जोन। आमापारा के आसपास के 50 से ज्यादा फूड स्टॉल करेंगे व्यवस्थित
- पाम ब्लाजियो के पास वेंडिंग जोन। शंकरनगर, खम्हारडीह और आसपास के इलाके में लगने वाले ठेले-गुमटी शिफ्ट करेंगे

# सीडी कांड : 7 साल पुराने मामले में एनएसयूआई सचिव को जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आठ साल पुराने मामले में न्यायालय के आदेश पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा एवं यूथ कांग्रेस के महासचिव भावेश शुक्ला को बुधवार को जेल भेज दिया गया। हालांकि उन्हें 2 घंटे बाद ही जमानत मिल गई। शाम 7 बजे दोनों की रिहाई कर दी गई। 2018 में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सीडी कांड में जेल भेजा गया था। जेल भेजे जाने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा सरोना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोकी गई थी। 2018 के इस मामले में सुनवाई करते हुए दोनों कांग्रेस नेताओं को न्यायालय से जेल भेजा गया। गिरफ्तारी के 2 घंटे बाद सेशन कोर्ट ने इन्हें जमानत दे दी।

- **सीडी कांड में पूर्व सीएम की गिरफ्तारी के विरोध में सरोना में रोकी थी ट्रेन**

### कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

रिहाई के बाद देर शाम कार्यकर्ताओं द्वारा सेंट्रल जेल के बाहर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा, तत्कालीन कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को जब झूठे प्रकरण पर जेल भेजा गया था। इसके विरोध में हमने रेल रोकी थी। आने वाले समय में भी हम कांग्रेस के कार्यकर्ता केंद्र की सरकार एवं राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। दोनों ही कार्यकर्ताओं पर रेल अधिनियम के अंतर्गत धारा 174 ए और 147 लगाई गई थी। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव से पहले सीडी कांड में पूर्व सीएम की गिरफ्तारी के बाद प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन हुए थे। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई भी इस विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा थी।

# महाराजबंध तालाब से जलकुंभी निकालने 2 लाख में ठेका, 3 दिन में 15 डंपर निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर का ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब सिकुड़ने के साथ इसकी सफाई और देखरेख में अनदेखी के कारण जलकुंभी से भर गया है। गर्मी के समय तालाब का जलस्तर कम होने और पानी वाले हिस्से में जलकुंभी सहित जलीय वनस्पति जमा होने से आसपास के रहवासियों को निस्तारी में दिक्कत आ रही है।

जन शिकायत के बाद निगम प्रशासन ने तालाब को जलकुंभी मुक्त कराने जोन 6 के माध्यम से टेंडर कर 2 लाख में जलकुंभी निकलवाने ठेका दिया है। तीन दिन में 15 डंपर जलकुंभी तालाब से बाहर निकाली गयी।

महाराजबंध तालाब को नगर निगम अब तक जलकुंभी मुक्त नहीं कर पाया है। हर साल जलकुंभी की सफाई में एकमुश्त राशि खर्च करने के बाद भी तालाब की दशा नहीं सुधरी। तालाब से जलकुंभी हटाने जोन 6 कमिश्नरी ने ठेका दिया है। पिछले 3 तीन दिनों से अभियान के तहत महाराजबंध तालाब से 15 डंपर जलकुंभी बाहर निकालकर उसे डंपर और थ्रीडी मशीन की सहायता से परिवहन कराया गया। तालाब से जलकुंभी को बांस के सहारे बाहर निकालने का सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा।

### मशीन से जलकुंभी की सफाई कराने प्रस्ताव

महापौर मीनल चौबे ने निगम बजट में शहर के तालाबों से जलकुंभी सफाई कार्य मशीन से कराने का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए बजट में मशीन क्रय करने राशि का प्रावधान किया गया है। अभी तक शहर के तालाबों से जलकुंभी की सफाई मेनुवल तरीके से करायी जाती रही है। जिसमें तालाब की सफाई में समय ज्यादा लगता है, हर साल एकमुश्त राशि खर्च करनी पड़ती है। इस बात को ध्यान में रखते हुये निगम अब जलकुंभी सफाई के लिए मशीन क्रय करेगी। मेट्रो सिटी की तर्ज पर रायपुर नगर निगम में पहली बार जलकुंभी सफाई के लिए मशीन का उपयोग किया जायेगा। इसके लिये नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग प्रस्ताव तैयार करने की तैयारी में है।

# समाजसेवक ने पूर्वजों की याद में चितावरधाम में दान की स्टील कुर्सियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



सेवा और समर्पण की भावना से ओत–प्रोत एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, चितावर धाम में अपने पूर्वजों की स्मृति में स्टील की कुर्सियां प्रदान की गईं। इस पुनीत कार्य में स्थानीय समाजसेवियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपने प्रियजनों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने का प्रयास किया।

स्व. संतोष वर्मा एवं स्व. भागीरथी वर्मा की स्मृति में उनके परिजनों सनत कुमार वर्मा ने अपने पूर्वजों की स्मृति में स्टील की कुर्सियां दान की। वहीं स्व. नीरा यादव एवं स्व. कोदू राम यादव की स्मृति में उनके परिवारजनों प्रदीप यादव एवं देवव्रत यादव ने यह दान किया। इस अवसर पर परिवारजनों ने कहा कि यह योगदान न केवल दिवंगत आत्माओं की स्मृति को संजोने का एक तरीका है, बल्कि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भी किया गया है। समारोह के दौरान समाज के कई गणमान्य नागरिक, परिवार के सदस्य और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह की सेवा से न केवल जरूरतमंदों को सहारा मिलता है, बल्कि समाज में परोपकार की भावना भी विकसित होती है। चितावर धाम में किया गया यह योगदान आने वाले समय में भी लोगों को प्रेरित करता रहेगा। समाजसेवियों ने यह संदेश दिया कि हम अपने पूर्वजों की स्मृति को सेवा और सहयोग के माध्यम से चिरस्थायी बना सकते हैं।

# भूपेश की लोकप्रियता से डर कर भाजपा ने सीबीआई से करवाई एफआईआर

**रायपुर।** कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के खिलाफ सीबीआई की एफआईआर भाजपा के डर को दिखाती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भूपेश बघेल से भाजपा का डर कोई नया नहीं है। जब वे पीसीसी अध्यक्ष थे, तब रमन सरकार ने उनके पीछे राज्य की एजेंसियो को लगा कर रखी थी।

उनके पैतृक गांव में खेत को नापने रमन सरकार ने भरी बरसात में राजस्व का पूरा दल भेजा था। भिलाई स्थित उनके मकान को नापने के लिए दल भेजा। उनको, उनकी स्व माता, पत्नी को ईओडब्ल्यू में बैठाया। उनके खिलाफ सीडी का झूठा मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। सीडी मामले में उनके खिलाफ सीबीआई जांच करवाया जिसमें सीबीआई की अदालत ने डिस्चार्ज कर दिया। उनके पुत्र को आधारहीन मामले पूछताछ करने थाने बुलवाया। मुख्यमंत्री रहते बदनाम करने उनके सहयोगियों के खिलाफ ईडी सीबीआई की रेड कराई। एक ड्राइवर के कथित बयान के आधार पर उनके खिलाफ ईडी ने आधारहीन प्रेस नोट जारी कर महादेव एप्प मामले में झूठा आरोप लगाया। सरकार जाने पर ईओडब्ल्यू में झूठा मुकदमा दर्ज कराया। उसी के आधार पर अब सीबीआई से एफआईआर करवाई है। प्रदेश की जनता भाजपा के षडयंत्र को समझ रही है। आने वाले चुनाव में भाजपा के षडयंत्रो का जवाब जनता देगी।

# मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना का तीसरी बार नामकरण

**रायपुर।** दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित की जाने वाली योजना का तीसरी बार नामकरण किया गया है। बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए 2017 में मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई थी। भाजपा शासनकार में प्रारंभ हुई इस योजना को पं. दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना नाम दिया गया था। कांग्रेस शासनकाल के दौरान 2019 में इसका नाम बदलते हुए इसे स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना नाम दिया गया। अब बुधवार को आदेश जारी कर इस योजना का नाम पुनः पं. दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना कर दिया गया है। माशिम उठाएगा व्यय : स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा योजना के नाम परिवर्तन के संदर्भ में माध्यमिक शिक्षा मंडल को खत लिखा गया है। इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि योजना में होने वाला व्यय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा उठाया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देना और उन्हें दसवी-बारहवीं कक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# मालगाड़ी के दो खाली वैगन पटरी से उतरी घंटेभर में शुरू हुआ ट्रेनों का संचालन

**रायपुर।** उरकुरा आरएसडी मेन लाइन पर बुधवार दोपहर मालगाड़ी के 2 खाली वैगन बीएटीपी पटरी से उतर गए। हादसे में किसी तरह जनहानि नहीं हुई, मगर घंटेभर अप लाइन में ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। सूचना पर घटनास्थल पहुंचे मरम्मत दल ने इस बीच व्यवधान हटाकर ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक घटना दोपहर साढ़े तीन बजे की बीच हुई। इस दौरान बिलासपुर से रायपुर की ओर कुछ एक पैसेंजर ही आती है, जिसे बिलासपुर में रोका गया। इस बीच रायपुर से बिलासपुर की ओर जाने वाली डाउन लाइन प्रभावित नहीं हुई। घटना की जानकारी होने के बाद सूचना पर तत्काल रेलवे मरम्मत दल को सक्रिय किया गया और अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधन अवधेश कुमार ने भी घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया। उनके निर्देश पर राहत दल ने घंटेभर की मेहनत के बाद अप लाइन को चालू कर दिया और ट्रेनों संचालन शुरू हो गया। घटना की वजह से पैसेंजर ट्रेन अपने निर्धारित समय से कुछ समय लेट हुई और अन्य किसी ट्रेनों के संचालन पर इसका असर नहीं हुआ।

## पेज 11 के शेष

### इन स्थानों पर...

अलग उद्योग शुरू करने का प्रयास किया जा रहा हैं। इन उद्योगों को पानी ले जाने शिवनाथ नदी से पाइप लाइन की मांग की गई है। जबकि तिल्दा स्थित बजरंग पावर प्लांट को पानी सप्लाई जारी है, जिससे वाटर लेवल धीरे–धीरे नीचे गिरता जा रहा है। बजरंग पावर प्लांट द्वारा शिवनाथ नदी में हजारों फीट की खुदाई कर ट्यूबवेल भी लगाया गया है। इसी तरह अन्य उद्योग भी करेंगे तो शिवनाथ नदी का अस्तित्व मिट जाएगा।

### हत्याकांड की गुत्थी...

पंजीबद्ध कर मृतक के परिजनों, ग्रामवासियों एवं संदिग्धों से पूछताछ प्रारंभ की। प्रकरण में थाना लवन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही गोविंदा कोसले, मोगरा घृतलहरे, मीना घृतलहरे एवं 3 अपचारी बालकों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की, जिसमें हत्या के संबंध में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम डोंगरीडीह की मोंगरा बाई धृतलहरे एवं मीना द्वारा मृतक बालक को मारने के लिए 50 हजार की सुपारी ग्राम सरखोर निवासी आरोपी गोविंदा कोसले को दी गई थी एवं मृतक बालक का फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से मोबाइल में भेजा गया। इसके बाद आरोपी गोविंद द्वारा हत्या करने के लिए 3 अपचारी बालकों को योजना में शामिल किया गया।



## खबर संक्षेप

### कृष्णा कुर्रे को मिली पीएचडी की उपाधि



**मुड़पार-सरसीवां।** ग्राम कोसमकुंडा निवासी कृष्णा कुर्रे को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से भूगोल विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर बस्तर कांकेर जिले के कालिक बाजार एक भौगोलिक विश्लेषण पर आधारित था। उन्होंने अपना शोध कार्य प्रो. डॉ. अनुसुइया बघेल के निर्देशन में पूर्ण किया। उन्होंने अपना शोध कार्य अपने पिता स्व. भंवर दास नारंग को समर्पित किया। साथ ही इन्होंने भूगोल विषय में एम. फिल, बीएड, बी-लिब, नेट, सेट, सीजी टेट, सी टेट में मेधावी छात्र रही हैं। श्रीमती कुर्रे, डॉ. शिव कुर्रे की पत्नी है और आयरा की माता हैं। उनकी इस उपलब्धि पर बिलाईगढ़ विधानसभा के विधायक कविता प्राण लहरे ने बधाई दी। इनकी इस उपलब्धि पर ब्लॉक अध्यक्ष दीपक टंडन, भोला लहरे , सरपंच दीना जाटवर, कमलेश कुर्रे, मिथलेश लहरे, राम पंकज, हसवंत जांगड़े, फिलेश जांगड़े, तकेश सूनी, अर्जुन रात्रे, देवेंद्र कमल एवं ग्राम के सभी गण्यमान्य नागरिकों ने बधाई दी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव से मोंगरा बाइक से जा रहे दो भाइयों को एक कार ने टक्कर मार दिया। जिससे एक भाई के पैर में चोट आई। कोतवाली पुलिस को पुरूषोत्तम नाथ योगी ने बताया कि वह बाउंड्री वाल बनाने का काम ग्राम मोंगरा में करता है। 2 अप्रैल की सुबह 7.30 बजे अपने ग्राम नांदगांव से वह और उसका भाई शेषनाथ योगी मोटर सायकल सोल्ड आरएस पल्सर बजाज में ग्राम मोंगरा काम करने के लिए निकले थे। करीबन 8 बजे संगीता पेट्रोल पंप के सामने लभराखुर्द पहुंचने पर पीछे से सफेद रंग की कार क्र. सीजी 04 एचए 3375 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर साइड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वे रोड पर गिर गए।

### छेड़खानी के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के गांव में बीते साल नवंबर में हुई छेड़खानी और मारपीट की घटना में प्रार्थिया की रिपोर्ट के बाद आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया 9 नवंबर 2024 को अपने पिता के साथ गांव के नर्सरी में लकड़ी बीनने गई थी। नर्सरी अंदर लकड़ी बिन रही थी उसी समय ग्राम हबेकांटा का त्रिलोचन भोई अपनी स्कूटी से आया और प्रार्थिया के हाथ को पकड़कर छेड़खानी करने लगा। इससे भयभीत होकर जोर-जोर से चिल्लाने लगी, तब प्रार्थिया के पिता बीच बचाव करने के लिए आए। इसके बाद आरोपी त्रिलोचन भोई प्रार्थिया के पिता से मारपीट करने लगा और अपने हाथ में रखे गाड़ी की चाबी को पेट में घुसाने का प्रयास किया जिसके कारण उनके पेट में चोटें आई। मामले में प्रार्थिया के लिखित आवेदन पर आरोपी के खिलाफ धारा 74, 115(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# कन्या दो कुल को तारती है इसलिए शिक्षा जरूरी : महंत रामसुंदर दास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन**

बालाजी बाडा पेंड्री में बालाजी मंदिर परिसर के नवनिर्माण के लिए भूमि पूजन करते हुए राजेश्री महंत ने कहा कि ग्राम पंचायत पेण्ड्री का नाम पूरे भारत में प्रसिद्ध हो गया है। क्योंकि नारी शिक्षा को बढ़ावा देने दूधाधारी मठ बजरंग दास गुरु के नाम से काली बाड़ी रायपुर में कन्या महाविद्यालय स्थापित किया गया। 1958 में जब कन्या को पढ़ाना बड़ा दूभर था तब कन्या महाविद्यालय की स्थापना की गई और इसमें ग्राम पंचायत पेंड्री से 301 एकड़ ट्रस्ट की जमीन कन्या महाविद्यालय को संचालित करने दान में दी गई। यहां की दो कन्या को पढ़ाई के खर्च सहित निःशुल्क व्यवस्था रहती है। महंत ने कहा कि राजा जनक ने कहा था कि पुत्री पवित्र किए कुल दोउ अर्थात पुत्री दो कुल को तारती है, इसलिए उनके पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सभी को आपसी सदभाव से रहने पर जोर दिया और कहा कि जहां सुमति तहां सम्पत्ति नाना, जहां कुमती तहां विपत्ति नाना। इस बाड़ा सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक वैवाहिक मरनी, हरनी, छट्ठी के लिए निःशुल्क दिया जाता है। पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि परम श्रद्धेय महंत रामसुंदर दास ने जीर्ण शीर्ण हो चुके मंदिर परिसरों को सभी जगह नया बनाया है। इसी क्रम मे आज पेंड्री बाडा का भी पूजन किया है।

## बालाजी बाड़ा पेंड्री में बालाजी मंदिर परिसर के नवनिर्माण के भूमि पूजन में शामिल हुए महंत



### कन्या महाविद्यालय में सीट बढ़ाने की मांग

कार्यक्रम को ट्रस्टी विजय पाली, दाऊ मंगल विनोद अग्रवाल, श्रीराम पाली, डॉ. अयाज अहमद फारूकी, भूनेश्वर वर्मा ने भी संबोधित किया। आभार व्यक्त करते हुए सरपंच प्रतिनिधि दलेनड़ा निषाद ने कन्या महाविद्यालय में सीट बढ़ाने की मांग की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुजारी नाग महाराज, सुखदास, हेमंत दुबे, राम छबि दास, राम तीरथ दास, चंद्रिका मिश्रा, संतोष चंद्राकर, संदीप पांडे, पिकेश जायसवाल, कामता फेकर, सरपंच सुनीता निषाद, उप सरपंच ईश्वरी निषाद, सुखी राम बांधे, खेदन दास, तिजाऊ राम यादव, देव कुमार बघेल सहित माता बहने ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना एवं मादक पदार्थों के परिवहन सहित बिक्री पर लगे रोकथाम

# वर्षा जल संचयन और प्रदूषण नियंत्रण जरूरी : राज्यपाल डेका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

गुरुवार को जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चलाए जा रहे जल संचयन के कार्य, पौधा रोपण, पर्यावरण संवर्धन तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु किए जा रहे कार्य, स्वच्छ भारत मिशन सहित पुलिस, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, नगरीय प्रशासन, सहकारिता आदि विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल डेका ने वर्षा जल संचय और जल एवं वायु प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए वर्षा जल संचय के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं प्रदूषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की बात कही। उन्होंने जल शक्ति अभियान, स्वच्छता, नशामुक्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना भी की।

राज्यपाल डेका ने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए जल और स्वच्छ पर्यावरण अत्यंत आवशयक है। जल के अत्यधिक दोहन से जल संकट की स्थिति निर्मित होते जा रही है, उसी प्रकार पर्यावरण भी प्रदूषित होते जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार–भाटापारा जिला औद्योगिक जिला है, यहां बड़े कारखाने के साथ पत्थर खदाने भी है, जिससे यहां वर्षा जल को सहेजना और भी ज्यादा जरुरी है।

इस दौरान उन्होंने जिले में रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधि की भी समीक्षा की। श्री डेका ने जिले में रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी, राज्यपाल के उप सचिव हिना अमिनेश नेताम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में पौधारोपण पर भी दिया जोर



### सड़क दुर्घटना और शराब बिक्री पर रोक लगाने प्रभावी कदम जरूरी

श्री डेका ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं शराब तथा अन्य मादक पदार्थों के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। राज्यपाल ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए इसके रोकथाम हेतु पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। युवाओं को नशा से दूर रहने तथा नशापान से ग्रसित लोगों को नशा से छुटकारा दिलाने हेतु किए जा रहे सुधारात्मक उपाय तथा जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के संबंध में भी जानकारी ली।

### टीबी उन्मूलन अभियान की जानकारी ली

स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में टीबी उन्मूलन अभियान के कार्यों के संबंध जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने वर्तमान में जिले में टीबी के कुल मरीजों की संख्या एवं उनके समुचित इलाज की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। श्री डेका ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को टीबी के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के अलावा इसके रोकथाम हेतु मरीजों की कांउसिलिंग कराने के निर्देश दिए।

### जंगलों में पेड़ों की कटाई पर लगे रोक

उन्होंने जंगलों की कटाई व नदी–नालों की सफाई पर जोर देते हुए कहा कि प्रति वर्ष पौधारोपण बड़े पैमाने पर होता है। इन पौधों को लगाने से ज्यादा जरुरी इनकी देखभाल करना हैं। उन्होंने कहा कि यदि जंगल से पेड़ की कटाई न हो तो जंगल बचाए जा सकते हैं। उसी प्रकार नदी – नालों को साफ रखेंगे तो पानी का बहाव नियमित रूप से होता रहेगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर मॉनिटरिंग के साथ ही जन जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाया जाना चाहिए। जल स्तर बढ़ाने के लिए विभिन्न संरचनाओं का अधिक से अधिक निर्माण हो। स्व-सहायता समूहों के कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए आवश्यक प्रशिक्षण एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर महिलाओं को सक्षम बनाने कहा।

### उद्योगों में स्थानीय युवाओं को मिले रोजगार

उन्होंने यहां के उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने आवश्यक पहल करने कहा। विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सभी मूलभूत सुविधाएं सहित स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान सतत रूप से चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में अधिक से अधिक छात्रों को एनसीसी के लिए प्रोत्साहित करने कहा, ताकि छात्रों में अनुशासन, देशभक्ति की भावना, बौद्धिक विकास, समयबद्धता सहित शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके। स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या में कमी लाने, छात्रों के लिए कैरियर काउंसिलिंग की व्यवस्था पर भी जोर दिया।

# ज्योत-जंवारा स्थलों पर इल्दा के बच्चे दे रहे भजनों की प्रस्तुति



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**

ग्राम पंचायत इल्दा में चैत्र नवरात्रि पर ग्राम के बच्चों ने माता के सेवा भजन पर अपनी टीम के साथ जहां जहां ज्योत जंवारा बिरही बोये हैं, वहां-वहां जाकर भजन किया, जहां ग्रामीण भी झूम उठे। ग्राम प्रमुख खिलेश साहू ने बच्चों के इस कार्य को सराहा, साथ ही छन्दन साहू, सुखसागर साहू, गौतम गिलहरे, भगत कोटरे व अन्य ग्रामवासियों ने भी बच्चों की इस सेवा भाव की सराहना की। जब सभी बच्चे टीवी मोबाइल से दूर हट कर बालक बालिकाओं व सभी भाई बहने अपने दिन चर्या पर माता के सेवा भजन पर अपना समय व्यतित करते हैं, इसके लिए साहू समाज के मुखिया खिलेश साहू ने बच्चों के इस समर्पित भाव के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मानसगान प्रतियोगिता में आमाकोनी सुहेला प्रथम



**पलारी।** ग्राम चरौदा में शिव मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे प्रदेशभर के विभिन्न जिलों के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया था। इसमें प्रथम लोक सिंगार मानस मण्डली आमाकोनी सुहेला, द्वितीय श्रद्धा मानस मण्डली रसेडी, तृतीय जय गणेश मानस मण्डली चिचिरदा, चतुर्थ वीणा मानस मण्डली भरूवाडीह कला, पांचवा पुरस्कार मां मानस मण्डली खैरा मुढ़ीपार एवं अन्य को पुरस्कार दिया गया। शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# तीर्थ यात्रा से लौटे यात्रियों का गांव में हुआ स्वागत



**बगबुड़ा।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत लवन नगर से 24 व्यक्ति तीर्थ यात्रा गए हुए थे। तीर्थ यात्रा में तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी आदि स्थान का भ्रमण किया गया। लवन नगर के दौलाल साहू, कुंती साहू, पार्वती सेन, शेवतीबाई वर्मा, रूपा बाई रजक, द्रुपद सेन, मिलापुरम सेन, जवाहर साहू चारों भाई साहू राम साहनी साहू आदि लोग गए थे। जिनके सकुशल वापस आने पर बाद लवन नगर के पंकज कुमार अग्रवाल, ढलेश्वर ढीमर, भूषण साहू तथा नगर पंचायत अधिकारी प्रणव प्रवेश प्रधान द्वारा श्रीफल देकर स्वागत किया गया।

# कोलिहा में आज से श्रीमद् भागवत पुराण कथा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा**

जिला मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर मेन रोड स्थित ग्राम पंचायत कोलिहा में स्व. जवाहरलाल वर्मा, ज्वाला प्रसाद वर्मा, रामस्वरूप वर्मा की स्मृति में रामकुमार वर्मा, सरोजिनी बाई, रामसनेही वर्मा द्वारा 4 अप्रैल से 14 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत पुराण कथा यज्ञ का आयोजन रखा गया है। कथावाचक पं. तलाश कृष्णा पांडे के श्रीमुख से भागवत कथा रूपी ज्ञान गंगाश्री प्रवाहित होगी। कथा प्रारंभ दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक होगी। श्रीमद् भागवत पुराण कथा यज्ञ का शुभारंभ 4 अप्रैल को कलश यात्रा कलश स्थापना वेदी पूजन के साथ होगा। वहीं 5 अप्रैल को सती चरित्र ध्रुव, चरित्र जड़ भरत कथा 6 अप्रैल को प्रहलाद चरित्र अजामिल कथा, 7 अप्रैल को वामन अवतार कृष्ण जन्मोत्सव, 8 अप्रैल को कृष्ण लीला, महारास उद्धव गोपी संवाद, 9 अप्रैल को रुक्मणी विवाह, 10 अप्रैल को सुदामा चरित्र, राजसूय यज्ञ, परिक्षित मोक्ष और 11 अप्रैल को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन एवं सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा।



# प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों की परीक्षाओं में बरती गई पारदर्शिता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**



जिले के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में केंद्रीयकृत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक वार्षिक बोर्ड परीक्षाएं सुचारू एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए सभी आवश्यक दिशा–निर्देशों का पालन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ परीक्षाओं में भाग लिया। किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना प्राप्त नहीं हुई, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित हुई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के केन्द्राध्यक्ष युधिष्ठिर बुड़ेक एवं पूर्व माध्यमिक शाला आलेसुर के केन्द्राध्यक्ष तारकेश्वर कुमार धीवर ने संयुक्त रूप बताया कि परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुईं। संकुल प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे ने इसके लिए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, केंद्राध्यक्षों और परीक्षा आयोजकों को सफल संचालन के लिए धन्यवाद दिया। अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी और परीक्षा परिणाम नियत समय पर घोषित किए जाएंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर परामर्श हेतु भाटापारा में
दिनांक 05 अप्रैल, शनिवार, समय : सुबह 10 से 3 बजे
पता- राना मेडिकल स्टोर, सरकारी अस्पताल के पास, भाटापारा (छ.ग.)
असाध्य रोग मिटाओ
—होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान—
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट

मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर